**Notice** is hereby given that the 26th Annual General Meeting ('AGM') of the members of Shree Renuka Sugars Limited ('Company') will be convened on **Friday, 16th September 2022** at **11:00 a.m.** IST through Video Conferencing ('VC') / Other Audio Visual Means ('OAVM') in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 ('Act') & Rules framed thereunder and SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with General Circular Nos. 14/2020, 17/2020, 20/2020, 02/2021, 19/2021 and 02/2022 dated 8th April 2020, 13th April 2020, 5th May 2020, 13th January 2021, 8th December 2021 and 5th May 2022 respectively, issued by Ministry of Corporate Affairs ("MCA Circulars") and Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79, SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 and SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 dated 12th May 2020, 15th January 2021 and 13th May 2022 respectively, issued by the Securities and Exchange Board of India ('SEBI Circulars') to transact the business as set forth in the AGM Notice, without the physical presence of the Members at a common venue. The Notice of the 26th AGM along with the Annual Report for the financial year 2021-22 will be sent only by email to all those Members, whose email addresses are registered with the Company or with their respective Depository Participants, in accordance with the MCA Circulars and the SEBI Circulars. Members who have not registered their e-mail addresses with the Depositories/Company/ Registrar and Share Transfer Agent ('RTA'), so far, are requested to register/update their e-mail addresses in the following manner:

a) Members who hold shares in electronic/demat form are requested to register their e-mail ID with the Depository through their concerned Depository Participants. However, the members may temporarily register the same with the Company's RTA, M/s. KFin Technologies Limited, at https://ris.kfintech.com/clientservices/mobilereg/mobileemailreg.aspx on their website www.kfintech.com/in the Investor services tab by providing details such as Name, DP ID, Client ID, PAN, mobile number and email address.
b) Members who hold shares in physical form are requested to register their e-mail ID with the Company's RTA, M/s. KFin Technologies Limited, at https://ris.kfintech.com/clientservices/mobilereg/mobileemailreg.aspx on their website www.kfintech.com/in the Investor services tab by providing details such as Name, Folio No., Certificate number, PAN, mobile number and email address and also upload the image of share certificate in PDF or JPEG format.

On submission of the above details, a One-Time Password (OTP) will be received by the Member which needs to be entered in the link for verification.

Members can participate in the 26th AGM through VC / OAVM only. Necessary arrangements have been made by the Company with KFin Technologies Limited to facilitate e-Voting. The instructions for joining the 26th AGM and the manner of participation in the remote e-voting or casting vote through the e-voting system during the 26th AGM are provided in the Notice of the 26th AGM. Members participating through the VC / OAVM shall be counted for the purpose of reckoning the quorum under Section 103 of the Act. The Notice of the 26th AGM along with Annual Report will also be available on the website of the Company i.e. www.renukasugars.com, websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at www.bseindia.com and www.nseindia.com respectively and on the website of RTA at https://evoting.kfintech.com, after sending the same through email to the shareholders.

This Notice is being issued for the information and benefit of the Members of the Company in compliance with the MCA Circulars and the SEBI Circulars.

For **Shree Renuka Sugars Limited**
**Deepak Manerikar**
**Company Secretary**

Date : 23rd August 2022
Place : Mumbai

# आपदा प्रभावित क्षेत्र में प्रशासन उपलब्ध करा रहा राहत सामग्री

वीर अर्जुन संवाददाता

देहरादून, । जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि प्रभावित क्षेत्र में विभिन्न विभागों की टीमें एनडीआरफ, एसडीआरफ, राजस्व, चिकित्सा, वेटनरी, पुलिस विभाग, सिंचाई, जिला पंचायत, लोनिवि, आदि सम्बन्धित विभागों से अधिकारी, कार्मिक आपदा राहत कार्यो लगे हैं तथा जनजीवन को सामान्य लाने में कार्य कर रही हैं तथा क्षेत्र में सभी मूलभूत सुविधा मुहैया कराई जा रही है। साथ ही शिविर भी लगाया गया है। जहां पर राहत सामग्री वितरित की जा रही है, कच्चा राशन, गैस सिलेण्डर-चूल्हा, महिला, पुरूष तथा बच्चों के कपडे, फोल्डिंग पलंग, गद्दे आदि प्रभावितों को वितरित की जा रही है, जो लोग शिविर तक नहीं आ पा रहे उनको पका हुआ भोजन पहुंचाया जा रहा है। साथ ही मकान, कृषि भूमि, फसल नुकशान का आंकलन कर अहैतुक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सभी अधिकारियों को युद्धस्तर पर कार्य करते हुए जनजीवन को सामान्य बनाने के निर्देश दिए गए है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आपदा प्रभावित क्षेत्र सरखेत में चिकित्सा टीम तैनात रखने तथा रेस्क्यू आपरेशन के दौरान शव बरामद होने की सम्भावनाओं के दृष्टिगत पोस्टमार्टम टीम तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे मौके पर ही पोस्टमार्टम करते हुए पंचनामा आदि कार्यवाही सम्पादित की जा सके ताकि परिजनों को अनावश्यक न भटकना पडे। जनपद में विगत शुक्रवार को हुई अतिवृष्टि के चलते आयी आपदा से सरखेत व अन्य क्षेत्रों मे जिला प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी सोनिका के दिशा निर्देशन के अनुपालन में सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी के. के. मिश्रा तथा शिव कुमार बरनवाल के नेतृत्व में क्षेत्र में राहत एवं बचाव अभियान निरंतर संचालित किया गया जा रहा है। आपदा प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को पेयजल, भोजन तथा अन्य राहत सामग्री वितरित की जा रही हैं जिलाधिकारी सोनिका के दिशा निर्देशन के अनुपालन में संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा सरखेत में राहत एवं सर्च अभियान को युद्ध स्तर पर संचालित किया जा रहा हैं। एनडीआरफ, एसडीआरएफ, पुलिस व जिला प्रशासन द्वारा राहत एवं खोजबीन कार्य को युद्ध स्तर पर संपादित करने में जुटे है। जिलाधिकारी ने बताया कि सरखेत में लापता हुए लोगों के मालवा में दबे होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए, मलबा को हटाने हेतु दो पोकलैंड मशीन कार्य कर रही है। साथ ही विभिन्न स्थानों पर क्षतिग्रस्त सडक मार्ग को सुचारू करने में पर्याप्त मात्रा पर जेसीबी मशीन तैनात की गई है। पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति भी को सुचारू करने में टीम जुटी हुई है।



आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा करते सीडीओ।

# मंडलायुक्त ने अतिवृष्टि से हुए नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए

वीर अर्जुन संवाददाता

देहरादून, । आयुक्त गढ़वाल मण्डल सुशील कुमार ने गढ़वाल मण्डल क्षेत्रान्तर्गत जनपद देहरादून, टिहरी, एवं पौडी गढवाल में शुक्रवार रात्रि हुई अतवृष्टि में हुए नुकसान के सम्बन्ध में नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए गए। खोजबीन सर्च कार्य जारी है। आपदा प्रभावितों को राहत सामग्री उपलब्ध कराई गई है।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 04 जनहानि हुई है। गढ़वाल मण्डल में अभी तक प्राप्त सूचना के अनुसार कुल 04 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, जिनमें से टिहरी जनपद में 02 तथा देहरादून जनपद में 01 एवं पौडी जनपद में 01 व्यक्ति की मृत्यु हुई है। जबकि 14 लोग लापता हैं। जनपद टिहरी से 07 तथा जनपद देहरादून से 07 लोग लापता है। लापता लोगों की खोजबीन का कार्य गतिमान है। पैदल मार्ग, पेयजल लाइन एवं एक अमृत सरोवर तथा राजकीय संपत्तियों को नुकसान हुआ है। जिनका आकलन राजस्व विभाग के टीम द्वारा किया जा रहा है। गृह अनुदान, अनुग्रह अनुदान व सम्पत्ति पुर्ननिर्माण अनुदान के संबंध में जांच कर प्रभावित व्यक्तियों को मुआवजा दिये जाने के संबंध में कार्यवाही की जा रही है। एक राजकीय हेलीकाप्टर बचाव कार्य में तैनात है। एन॰डी॰आर॰एफ॰ के 39 एस॰डी॰आर॰एफ॰ 64 जवानों के अलावा पुलिस, राजस्व व स्वास्थ्य विभाग की टीमें बचाव व राहत कार्यो में लगी हैं। आपदा से हुई कृषि नुकसान का आकलन करने हेतु राजस्व की टीम लगाई गई है।



# पेपर लीक मामले में कांग्रेस ने की अधीनस्थ चयन आयोग की घेराबंदी

वीर अर्जुन संवाददाता

देहरादून, । उत्तराखंड अधीनस्थ चयन आयोग की स्नातकीय परीक्षा में पेपर लीक का मामला सामने आने के बाद अब कांग्रेस ने आयोग को घेरा है। कांग्रेस का कहना है कि पूरे प्रदेश में परीक्षा कराने वाली एजेंसी की भूमिका भी हर परीक्षा में संदिग्ध है। आयोग की सभी भर्तियों की सीबीआई जांच कराई जाए। सोमवार को राजपुर रोड स्थित कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि उत्तराखंड अधीनस्थ चयन आयोग में सभी भर्ती परीक्षाओं में पेपर छपते समय लीक होने की बात लगातार सामने आ रही है। इससे यह प्रतीत होता है कि आयोग के जिम्मेदार लोग अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वाह नहीं कर रहे थे, क्योंकि पेपर छपने की गोपनीयता एवं सुरक्षा की पूर्ण जिम्मेदारी अध्यक्ष और सचिव की थी। उन पर तत्काल प्रभाव से लापरवाही बरतने के लिए पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में सरकारों द्वारा परीक्षाओं में गडबडी करने के कारण एजेंसी पर प्रतिबंध लगाया गया और ब्लैक लिस्टेड किया गया था। उत्तर प्रदेश के थाने में उपयुक्त एजेंसी पर अभियोग पंजीकृत है। इसी प्रकार उत्तराखंड में भी जिम्मेदार लोगों पर एसटीएफ को अभियोग दर्ज करना चाहि इस दौरान विधायक भुवन कापडी ने आरोप लगाया कि आरोपित हाकम सिंह के साथ राज्य के पुलिस के बडे-बडे अधिकारियों, प्रशासन के अधिकारियों और भाजपा के मंत्री व नेताओं के फोटो रोज इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। जिससे प्रदेश के युवाओं का मनोबल निरंतर गिर रहा है। क्योंकि एसटीएफ राज्य सरकार के अधीन काम करने वाली संस्था है, उसके अधिकार भी राज्य में सीमित हैं तो आप समझ सकते हैं कि आगे एसटीएफ की जांच किस प्रकार चलेगी। राज्य एजेंसी होने के कारण उनकी जांच को प्रभावित किया जा सकता है। वहीं अब पेपर लीक का मामला उत्तर प्रदेश से भी जुड चुका है। लगातार गिरफ्तारियां हो रही हैं। ऐसे में एसटीएफ का दूसरे राज्य में जांच करना संभव नहीं होगा। अत: हम राज्य सरकार से मांग कर मांग करते हैं।





पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व अन्य।

# महाराज ने रक्षा राज्य मंत्री से कहा अग्निवीर भर्ती में मानकों की हो जांच

वीर अर्जुन संवाददाता

देहरादून, । प्रदेश के पर्यटन, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, लोक निर्माण, सिंचाई, जलागम धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कोटद्वार में चल रहे अग्निवीर भर्ती में प्रदेश के युवाओं को हो रही व्यावहारिक कठिनाइयों का संज्ञान लेते हुए रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट से वार्ता कर इसकी जांच किये जाने का अनुरोध किया है। प्रदेश के पर्यटन, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, लोक निर्माण, सिंचाई, जलागम धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कोटद्वार में चल रहे अग्निवीर भर्ती में प्रदेश के युवाओं को हो रही व्यावहारिक कठिनाइयों का संज्ञान लेते हुए रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट से दूरभाष पर वार्ता कर उन्हें बताया कि अग्निवीर भर्ती के दौरान राज्य के 300 युवाओं को एक साथ दौडाया जा रहा है और उसमें से भी मात्र 8 या 10 युवाओं को ही चुना जा रहा है। जबकि शारीरिक में पूर्व में औसतन 300 में से 60 का चयन किया जाता था। श्री महाराज ने कहा कि कोटद्वार में 19 अगस्त 2022 से 31 अगस्त तक बीआरओ लैन्सडाउन अग्निवीरों की भर्ती कर रहा है। भर्ती होने वाले युवाओं का कहना है कि भर्ती के दौरान नियमों की अनदेखी की जा रही है। दौड? का समय 1600 मीटर के लिये 5.40 सेकन्ड है लेकिन वह सिर्फ 5 मिनट में ही दौड. को समाप्त कर दे रहे हैं। उतराखण्ड के जवानों के लिए 163 सेन्टीमीटर लम्बाई है जो कि स्वर्गीय पूर्व थलसेना अध्यक्ष जनरल विपिन रावत ने उतराखण्ड के लिए करवाई थी।

# मंत्री गणेश जोशी ने आपदा पीड़ितों को राहत राशि के चेक वितरित किए

देहरादून, वीर अर्जुन संवाददाता। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को शिव जूनियर हाई स्कूल मालदेवता में सरखेत आपदा प्रभावित परिवारों को राहत राशि के चेक वितरित किए। इस अवसर पर मंत्री श्री जोशी ने स्कूल के राहत शिविर में रह रहे आपदा प्रभावित परिवारों का हालचाल जाना तथा उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

# डीएम ने राहत शिविर का निरीक्षण किया

वीर अर्जुन संवाददाता

देहरादून, । जिलाधिकारी सोनिका ने स्थानीय विधायक उमेश शर्मा काऊ के साथ सौंग नदी के क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों को रायपुर थानो मार्ग पर आवाजाही खोलने हेतु व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। इसके उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा मालदेवता राजकीय जूनियर हाईस्कूल में बनाये गए शिविर का निरीक्षण करते हुए वहां ठहराये गए प्रभावित लोगों परिवारों का हाल-चाल जाना। तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावितों को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो इसके लिए अधिकारी समुचित मूलभूत व्यवस्थाएं बनाए रखें। उन्होंने प्रभावितों हेतु भोजन, रहने आदि व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को लोगों की स्वास्थ्य जांच हेतु टीम को उपकरण एवं दवाईयों सहित मौके पर मौजूद रखने के निर्देश दिए। जिला पूर्ति अधिकारी को प्रभावित परिवारों हेतु पर्याप्त मात्रा में राशन तथा भोजन के पैकेट बनवाते हुए जो लोग शिविर तक नहीं आ पा रहे हैं उनको भोजन के पैकेट पहुंचाने के निर्देश दिए।

# जनसुनवाई कार्यक्रम में डीएम ने सुनीं जन शिकायतें, 45 शिकायतें हुई दर्ज

वीर अर्जुन संवाददाता

देहरादून, । जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 45 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें अधिकतर शिकायतों संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया गया। तथा शेष शिकायतों को जिलाधिकारी द्वारा यथाशीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में स्थानीय मा0 विधायक उमेश शर्मा काऊ भी क्षेत्र में की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी से मिले।

आज जनसुनवाई कार्यक्रम में अतिक्रमण, भूमि कब्जा, भूमि मुआवजा कम मिलने, पेंशन, आय प्रमाण पत्र निर्गत करने, दाखिल खारिज, सीमांकन, सीवर का पानी घरों में घुसने, आन्दोलनकारी चिन्हिकरण, भूमि पट्टा यथावत रखने, सरकारी भूमि पर कब्जा हटवाने, कोविड के दौरान शासकीय सेवाओं में लगे वाहनों का भुगतान दिलाने, पडोसियों द्वारा मार-पीट किए जाने, दीवार लगाने, रास्ता रोकने आदि शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त हो रही शिकायतों जिनका मौके पर निस्तारण नहीं हुआ है उनका समयबद्ध तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जो शिकायत जनसुनवाई में एक बार आ गई है वह दोबारा न आए। उससे पहले ही उसका समाधान हो जाए यदि किसी शिकायत निस्तारण में समय लग रहा है तो शिकायतकर्ता को भी अवगत करा दिया जाए। उन्होंने कलेक्ट्रेट में शिकायत पटल को भी निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का फॉलोअप करते हुए संबंधित विभाग को अनुस्मारक प्रेषित करें।



# राज्य में पूरे सितंबर माह स्टार्टअप से संबंधित कार्यक्रमों का होगा आयोजन

वीर अर्जुन संवाददाता

देहरादून, । विधान सभा स्थित कक्ष में उद्योग मंत्री चन्दन राम दास द्वारा हेडस्टार्ट नेटवर्क फाउंडेशन एवं स्टार्टअप उत्तराखण्ड के संयुक्त तत्वाधान में भारत पिचेथोन एवं स्टार्टअप सितम्बर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मंत्री ने कहा कि हेडस्टार्ट नेटवर्क फाउंडेशन द्वारा भारत पिचेथोन कार्यक्रम सम्पूर्ण देश में 21 से भी ज्यादा शहरों में आयोजित किया जा रहा है जिसके अतंर्गत छोटे शहरों के स्टार्टअप को अपने बिजनेस को इन्वेस्टर्स के सामने प्रस्तुत करने का मौका प्रदान किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में भारत पिचेथोन का आयोजन गढ़वाल में 24 अगस्त को रूडकी एवं कुमाऊ में 27 अगस्त को अल्मोडा शहर में किया जायेगा। भारत पिचेथोन के शीर्ष तीन स्टार्टअपस् को हेडस्टार्ट के बेंगलुरू में होने वाले वार्षिक आयोजन में देश भर के अन्य स्टार्टअपस् के साथ प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में हेडस्टार्ट नेटवर्क फाउंडेशन द्वारा स्टार्टअप सितंबर का भी शुभारम्भ हो गया है। स्टार्टअप सितंबर 2022 के अतंर्गत उत्तराखण्ड के प्रत्येक जिले में पूरे सितंबर माह स्टार्टअप से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा जिससे उत्तराखण्ड के युवाओं को स्टार्टअपस् से जुडी हुई जानकारियां प्राप्त हो सकेंगी। बैठक में निदेशक उद्योग सुधीर चन्द्र नौटियाल, विभागीय अधिकारी तथा हेडस्टार्ट नेटवर्क फाउंडेशन से उत्तराखण्ड चौप्टर लीड वरूण तिवारी उपस्थित रहे।



स्टार्टअप से संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में बैठक लेते विभागीय मंत्री चंदन राम दास।

# लोनिवि व सिंचाई विभाग के अधिकारी नियमित करें पुलों की निगरानी: महाराज

वीर अर्जुन संवाददाता

देहरादून, । प्रदेश में बारिश से हुए नुकसान को लेकर प्रदेश के पर्यटन, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, लोक निर्माण, सिंचाई, जलागम धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों ने सहायता पहुंचाने के साथ-साथ खाद्यान सामग्री भी पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश के पर्यटन, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, लोक निर्माण, सिंचाई, जलागम धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने अतिवृष्टि के चलते मालदेवता, बांदल घाटी स्थित सरखेत और यमकेश्वर सहित अन्य स्थानों पर हुई जानमाल की क्षति चिंता जाहिर करते हुए लोक निर्माण विभाग के एचओडी अयाज अहमद और सिंचाई विभाग के एचओडी को निर्देश दिए हैं कि जितने भी पुल हैं उनका लगातार निरीक्षण किया जाए। श्री महाराज ने जिलाधिकारी पौड?ी से वार्ता कर निर्देश दिए कि यमकेश्वर के प्रभावित क्षेत्रों में लेखपाल को भेजकर रिपोर्ट तैयार करवाई जाए ताकि लोगों को आंशिक सहायता के साथ-साथ खाद्यान्न पहुंचाया जा सके।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का जेसीबी इंडिया लि. के साथ समझौता ज्ञापन

वीर अर्जुन संवाददाता

देहरादून,। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने जेसीबी के ग्राहकों को उपस्कर वित्त प्रदान करने के लिए जेसीबी इंडिया लिमिटेड (जेसीबी) के साथ साझेदारी की है। साझेदारी के तहत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और जेसीबी ने पारस्परिक रूप से अपने संसाधनों को एक साथ लाने और पारस्परिक लाभ के लिए एक-दूसरे के साथ जुडने पर सहमति व्यक्त की है। बैंक की व्यापक पहुंच से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और जेसीबी दोनों को देश भर में जेसीबी मशीनों के क्रेताओं को सर्वोत्तम पेशकश प्रदान करने में मदद मिलेगी। जेसीबी इंडिया भारत में निर्माण संबंधी उपकरणों का सबसे बडा निर्माता है और ग्लोबल जेसीबी समूह यू.के. का हिस्सा है। समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर सी.एम. मिनोचा, मुख्य महाप्रबंधक, एमएसएमई, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और अनुज तोमर, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट और हेड-रिटेल फाइनेंस, जेसीबी इंडिया लिमिटेड ने मुंबई में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर सी.एम.मिनोचा, सीजीएम, एमएसएमई, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपने संबोधन में कहा कि ष्हमारे मौजूदा और नए ग्राहकों के लिए उपस्कर वित्तपोषण को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा श्बाजार नेतृत्व के लिए उत्कृष्ट उत्पाद के रूप में पहचाना गया है। जेसीबी इंडिया लिमिटेड के साथ यह गठबंधन जेसीबी और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया दोनों के ग्राहकों को बैंक की उपस्कर वित्तपोषण योजना के तहत अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पेशकश में सहायता करेगा।

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ.) उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल के द्वारा पे एण्ड यूज, शौचालय (ओ एंड एम) के आधार पर, पार्किंग, ए.टी.एम. विज्ञापन के कार्य को बोली के माध्यम से ठेके पर देनें हेतु बोलीयाँ www.ireps.gov.in पर आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

| कैटेगरी | कैटलॉग संख्या | एसेट डिटेल | ई–बोली की आरंभ तिथि | ई–बोली की अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| विज्ञापन | 22-MB-NFR-4 | ट्रेनों के ऊपर विनायल रैपिंग<br>होडिगं के माध्यम से हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर विज्ञापन हेतु<br>360 डिग्री LED के माध्यम बरेली रेलवे स्टेशन पर विज्ञापन हेतु | 05.09.2022 10.00 am | 05.09.2022 11.30 am |
| पार्किंग | 22-MB-Parking-2 | मुरादाबाद द्वितीय प्रवेश द्वार एवं योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पर कार पार्किंग और बुलन्दशहर, स्योहरा, योग नगरी ऋषिकेश, धामपुर, बरेली–मेन एवं द्वितीय प्रवेश द्वार, पिलखुआ, शाहजहॉपुर–द्वितीय प्रवेश द्वार, मुरादाबाद–द्वितीय प्रवेश द्वार, हापुड–द्वितीय प्रवेश द्वार, हरदोई चन्दौसी एवं गजरौला रेलवे स्टेशनों पर साइकिल स्कूटर स्टैण्ड हेतु। | 06.09.2022 10.00 am | 06.09.2022 13.00 pm |
| पे एंड यूज, शौचालय | 22-MB-PnU-4 | हापुड रूडकी, शाहजहॉपुर–सरकुलेटिगं ऐरिया, द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय एवं रामपुर रेलवे स्टेशनों के पे एंड यूज, शौचालयों ओ0 एंड एम के माध्यम हेतु | 05.09.2022 15.00 pm | 05.09.2022 16.10 pm |
| ए.टी.एम | 22-MB-ATM-1 | शाहजहॉपुर, हरदोई, अमरोहा एवं देहरादून रेलवे स्टेशनों हेतु। | 05.09.2022 13.00 pm | 05.09.2022 14.00 pm |

2132/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

UTTAM SUGAR

उत्तम शुगर मिल्स लिमिटेड

[नैगम पहचान संख्या (सीआईएन): L9999UR1993PLC032518]

पंजी. कार्यालयः गांव लिब्बरहेड़ी, तहसील रूड़की, जिला हरिद्वार उत्तराखंड–247667

फोन नं. 0120–4525000, वेबसाइटः www.uttamsugar.in

ई–मेल आईडीः investorrelation@uttamsugar.in

27वीं वार्षिक आम बैठक के संबंध में शेयरधारकों के लिए सूचना

एजीएम वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित करना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि एजीएम की सूचना, जो कि एजीएम के आयोजन के लिए भेजी जा रही है, में निर्धारित व्यवसाय के निष्पादन के लिए कम्पनी के सदस्यों की 27वीं वार्षिक आम बैठक शुक्रवार, 23 सितम्बर, 2022 को दोप. 12.00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विडियो माध्यमों (वीसी/ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

परिपत्र सं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, परिपत्र सं. 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, परिपत्र सं. 20/2020 दिनांक 5 मई, 2020, परिपत्र सं. 02/2021 दिनांक 13 जनवरी, 2021, परिपत्र सं. 19/2021 दिनांक 8 दिसम्बर, 2021, परिपत्र सं. 21/2021 दिनांक 14 दिसम्बर, 2021 और परिपत्र सं. 2/2022 दिनांक 5 मई, 2022 और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने अपने परिपत्र सं. सेबी/एचओ/सीएमडी1/सीआईआर/ पी/2020/79 दिनांक 12 मई, 2020 और परिपत्र सं. सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2 /सीआईआर/पी/2022/62 दिनांक 13 मई, 2022 ("परिपत्र") के माध्यम से आम स्थल पर सदस्यों की शारीरिक उपस्थिति के बिना वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम के आयोजन की अनुमति दी है। इन परिपत्रों और कम्पनी अधिनियम, 2013 के संगत प्रावधानों तथा सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के अनुपालन में कम्पनी की 27वीं एजीएम वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

उपरोक्त कथित परिपत्रों के अनुसार वित्त वर्ष 2021–22 के लिए वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम की सूचना केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सभी सदस्यों को भेजी जाएगी जिनके ई–मेल आईडी पहले से ही कम्पनी/डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत हैं। सदस्यगण कृपया नोट करें कि एजीएम की सूचना और वित्त वर्ष 2021–22 के लिए वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.uttamsugar.in स्टॉक एक्सचेजों की वेबसाइट अर्थात् बीएसई लिमिटेड. www.bseindia.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड www.nseindia.com और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध होगी। सदस्यगण केवल वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में शामिल एवं भाग ले सकते हैं। एजीएम में शामिल होने के निर्देश एजीएम की सूचना में दिये गये हैं। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक में शामिल होने वाले सदस्यगणों की गणना कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अनुसार कोरम के प्रयोजन हेतु की जाएगी।

वोटिंग की प्रक्रिया

कम्पनी अपने सभी सदस्यों को एजीएम की सूचना में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर अपना वोट रिमोट ई–वोटिंग सुविधा के माध्यम से देने की सुविधा उपलब्ध करा रही है। इसके अलावा, कम्पनी एजीएम के दौरान ई–वोटिंग सिस्टम ("ई–वोटिंग") के माध्यम से अपना वोट देने की भी सुविधा उपलब्ध करा रही है। रिमोट ई–वोटिंग/ई–वोटिंग सिस्टम के माध्यम से वोट देने की विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना में दी गई है।

ई–मेल पता पंजीकरण/अपडेट कराने की प्रक्रिया

जिन सदस्यों ने कम्पनी/डिपॉजिटरी के पास अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, वे ई–वोटिंग के लिए लॉगइन विवरण तथा वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए अपनी ई–मेल आईडी पंजीकृत कराने की प्रक्रिया का पालन करें।

| | |
|---|---|
| भौतिक धारिता | भौतिक प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यों के लिए – कृपया विधिवत हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र के साथ कोई एक शेयर प्रमाणपत्र (आगे एवं पीछे), पैन एवं आधार कार्ड की स्व–सत्यापित प्रति की स्कैन कॉपी "एजीएम के लिए अपेक्षित लॉगइन विवरण फोलियो नम्बरः फोलियो नम्बर वर्णित कर" उसे ई–मेल investorrelation@uttamsugar.in पर भेजें। |
| डिमैट धारिता | डिमैट प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यगण अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी के क्लाइंट मास्टर कॉपी की अपडेट प्रति के साथ "एजीएम के लिए अपेक्षित लॉगिन विवरण डीपीआईडी–सीएलआईडी : डीपीआईडी–सीएलआईडी वर्णित कर" उसे ई–मेल. investorrelation@uttamsugar.in पर भेजें। |

लाभांश

सदस्यगण कृपया नोट करें कि निदेशक मंडल ने 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए अंकित मूल्य रु. 10/– (दस रुपए) के 20 प्रतिशत (अर्थात् रु. 2.00 (दो रुपए) प्रति इक्विटी शेयर की दर पर अंतिम लाभांश की सिफारिश की है जो 27वीं एजीएम में अनुमोदन के अधीन है। लाभांश, यदि घोषित हो जाता है तो उन शेयरधारकों को रिजर्व बैंक अनुमोदित इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भुगतान किया जाएगा जिन्होंने अपना बैंक खाता विवरण कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट/डिपॉजिटरी प्रतिभागी के पास अपडेट कराया है। जिन शेयरधारकों ने अपना बैंक खाता विवरण अपडेट नहीं कराया है उन्हें लाभांश वारंट/डिमांड ड्राफ्ट उनके पंजीकृत ई–मेल पते पर भेजा जाएगा। भौतिक प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यगण इलेक्ट्रॉनिक क्लीयरिंग सर्विस या किसी अन्य माध्यम ("इलेक्ट्रॉनिक बैंक मेंडेट") के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिकली सीधे अपने बैंक खाते में लाभांश वारंट/मेंडेट प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित विवरण/दस्तावेज कंपनी के ई–मेल investorrelation@uttamsugar.in पते पर भेजें:

क) अपना नाम, फोलियो नम्बर, पूरा पता एवं बैंक विवरण सहित बैंक का नाम एवं शाखा का नाम, बैंक खाता प्रकार, बैंक खाता संख्या एवं 11 अंकों का आईएफसीआई कोड के साथ अनुरोध पत्र भेजें।

ख) संयुक्त धारित शेयरों के मामले में सदस्य या पहले धारक के नाम पर बने की कैंसल की गई स्व–सत्यापित प्रति।

ग) पैन कार्ड की स्व–सत्यापित प्रति और

घ) कोई अन्य दस्तावेज (जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट) की स्व–सत्यापित प्रति कंपनी के पंजीकृत सदस्य के रूप में स्कैन की गई प्रति।

डिमेट प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यगण कृपया अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी के पास अपना इलेक्ट्रॉनिक बैंक मेंडेट अपडेट कराएं।

उपरोक्त विषय पर किसी भी जानकारी/स्पष्टीकरण के लिए सदस्यगण कंपनी/कंपनी के आरटीए को उनके संबंधित पते/ई–मेल पर लिख सकते हैं।

कम्पनी के निदेशक मंडल के आदेशानुसार

कृते उत्तम शुगर मिल्स लिमिटेड
हस्ता./–
(राजेश गर्ग)
संयुक्त कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
(सदस्यता सं. एफसीएस–5841)

तिथिः 22 अगस्त, 2022
स्थानः नोएडा

वीर अर्जुन

देहरादून में समाचार पत्र प्राप्त करने एवं विज्ञापनों के लिए संपर्क करें।

मो.7895189235

वीर अर्जुन की प्रतियां प्राप्त करने के लिए संपर्क करें:-

देहरादून:- वसीम अहमद
मो.-9758325677

रुड़की:- चन्दर न्यूज एजेंसी
प्रो.- श्री चन्द्रभान,
दुकान नं. 11, पुराना रेलवे रोड, मकतुलपुरी रुड़की
मो.- 9927069871

हरिद्वार:- आत्रे न्यूज एजेंसी
प्रो.- श्री अनिल कुमार शर्मा ,जटवाड़ा पुल, हरिद्वार
मो.- 9837177797

ऋषिकेश:- आजाद न्यूज एजेंसी
प्रो.- श्री संजीव गुप्ता हरिद्वार रोड, ऋषिकैश
मो.- 9837229222